# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–30.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय कैबिनेट और सीसीएस की होगी बैठक, पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लिये जा सकते हैं कुछ बड़े फैसले, झारखंड में आतंकवाद के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन जारी।।**
2. **राज्य की ग्रामीण विकास मत्री दीपिका पांडेय ने नयी दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात, मनरेगा मजदूरी बढ़ाने समेत रखी कई मांगें।**
3. **डीजीपी अनुराग गुप्ता के पद पर बने रहने को लेकर आज फैसला संभव, मुख्यमंत्री के रांची लौटने के बाद होगा अंतिम निर्णय।**
4. **मौसम विभाग ने आज से दो दिनों तक आंधी और बारिश का जारी किया येलो अलर्ट, प्री मानसून प्रभाव से 10 मई तक गर्मी से राहत।**
5. **सिलिगुड़ी में संपन्न तीसरी ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथलिफ्टिंग और इंक्लाइंड बेंच प्रेस प्रतियोगिता में झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन, 13 स्वर्ण समेत 22 पदक किये अपने नाम।**

**********************

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केन्द्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक आज होगी। कैबिनेट बैठक के अलावा सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की भी बैठक आज प्रस्तावित है। इस बैठक में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कुछ बड़े फैसले हो सकते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास पर शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर चर्चा हुई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देने के लिए सेना स्वतंत्र है।

**********************

इधर, झारखंड में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। खूंटी में अंजुमन इस्लामिया ने विशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस निकाल कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की गयी और आतंकवाद का पुतला दहन किया गया।

**********************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। श्रीमती पांडेय ने झारखंड के ग्रामीण विकास व मनरेगा से जुड़े लंबित भुगतान, मनरेगा मजदूरी दर में वृद्धि, सीएफपी फंड और एसडीआर दरों की पुनर्समीक्षा की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में भी राशि बढ़ाने की मांग की।

**********************

मुंबई में साहिबगंज के 13 मजदूरों को बांग्लादेशी होने के संदेह पर हिरासत में लिये जाने के बाद भाजपा एक बार फिर बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले को लेकर राज्य सरकार पर हमलावर हो गयी है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने आरोप लगाया कि सरकार की नाकामी के कारण बांग्लादेशियों के लिए झारखंड शरणस्थली बन गया है।

**********************

इस बीच झामुमो ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि सीमा की सुरक्षा केन्द्रीय गृहमंत्रालय की जिम्मेवारी है। अगर राज्य में घुसपैठ हो रहा है तो यह केन्द्र सरकार की विफलता है।

**********************

डीजीपी अनुराग गुप्ता के पद पर बने रहने को लेकर आज फैसला संभव है। उन्हें डीजीपी के पद से हटाए जाने संबंधित केंद्र के पत्र के बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में मंथन जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आज रांची आते ही इसपर अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

**********************

भारतीय जनता पार्टी ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले पर राज्य सरकार को फिर घेरा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक एग्रीमेंट पोस्ट कर परीक्षा में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। इसके बाद पार्टी विधायक नवीन कुमार जायसवाल ने राज्य सरकार से सीजीएल परीक्षा मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा करने की मांग की है।

इधर, झामुमो ने कहा है कि इस मामले की जांच सीआईडी कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा इस मामले के अदालत में होने के बाद भी भाजपा द्वारा सीबीआई जांच की मांग उठाना बेबुनियाद है।

**********************

पाकुड़ में विचाराधीन कैदियो को रोजगारोन्मुखी एवं स्वावलंबी बनाने की पहल शुरू की गई है। इसमें एसबीआई आरसेट्टी अहम भूमिका निभा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस बीआर गवई को अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। वे 14 मई से कार्यभार संभालेंगे।
- सीआईएससीई आज कक्षा 10वीं और 12वीं परीक्षाओं का परिणाम जारी करेगा। नतीजे सुबह 11 बजे घोषित होंगे।
- एटीएम से पैसे निकालना एक मई से महंगा हो जायेगा। रिजर्व बैंक ने बताया कि अब एटीएम से निःशुल्क रकम निकासी की सीमा पार करने के बाद हर निकासी पर 23 रुपये शुल्क देने होंगे।

**********************

मौसम विभाग ने आज से दो दिनों तक आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले कई दिनों से अलग–अलग हिस्सों में हो रही बारिश से तापमान में भारी गिरावट आयी है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया प्री मानसून गतिविधियों के सक्रिय होने के कारण मौसम में बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि 10 मई तक लोगों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

**********************

सिलिगुड़ी में संपन्न तीसरी ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथलिफ्टिंग और इंक्लाइंड बेंच प्रेस प्रतियोगिता में झारखंड ओवरऑल चैंपियन बना है। झारखंड के खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक हासिल किये।

**********************

उधर, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। चौदह वर्ष आयु वर्ग में झारखंड ने दो और पदक जीते हैं। बालिका टीम ने रजत और बालक टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

**********************

**अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र द्वारा सेना प्रमुखों के साथ की गयी बैठक की खबर को प्रमुखता दी है।

**हिन्दुस्तान ने** लिखा है– धनबाद आतंकी कनेक्शन केस में एक और गिरफ्तारी।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– दोबारा पद संभालते ही रिम्स निदेशक ने मंत्री का फैसला पलटा, तीन फैसले लिए।

**दैनिक जागरण** लिखता है– आज लौटेंगे सीएम, तीन को पेंशनरों व वकीलों के लिए लांच करेंगे स्वास्थ्य बीमा योजना।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– आठवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी होने तक नौंवी में होगा विद्यार्थियों का प्रोविजनल नामांकन।

*********समाप्त*************